**SNBP INTERNATIONAL & Sr. SECONDARY SCHOOL,CHIKHALI, PUNE**
**Affiliation No. 1130703**
**PT 4 2024-25**

| GRADE: IV | SUBJECT: HINDI ANSWER PAPER | DATE: 05.03.2025 | TIME: 3HRS | MARKS: 60 |
|---|---|---|---|---|

## खंड क

**प्रश्न१. अ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(5Q X 1M = 5M)**

पुस्तकालय का अर्थ है पुस्तकें रखने का कक्ष। हर स्कूल और कॉलेज में पुस्तकालय होता है। पुस्तकालय में न केवल किताबें होती हैं,बल्कि अखबार,पत्र-पत्रिकाएँ,चार्ट आदि भी होते हैं।लोग पुस्तकालय में बैठकर मन-पसंद किताबें,अखबार और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। हमारे स्कूल में एक बड़ा पुस्तकालय है। उसमें हिंदी अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं की हजारों पुस्तकें,शब्दकोष,मानचित्र आदि हैं। बीच में एक बड़ी मेज है। हम वहीं बैठकर किताबें और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। बुधवार को हमारी पुस्तकालय की कक्षा होती है। हमारे अध्यापक भी हमारे साथ आते हैं। हमें तस्वीरों वाली कहानी की किताबें पढ़ने में मजा आता है।

i) __________का अर्थ है पुस्तकें रखने का कक्ष।

क) स्कूल ख) घर ग) बगीचा घ) **पुस्तकालय**

ii) पुस्तकालय कहाँ-कहाँ होता है?

क) **स्कूल और कॉलेज** ख) घर और खेत ग) जंगल और आँगन घ) बाग और खेत

iii) बच्चों को कौन सी किताबें पढ़ने में मजा आता है?

क) **तस्वीरों वाली कहानी की** ख) चित्रों की ग) कहानियों की घ) कविताओं की

iv) पुस्तकालय की कक्षा कब होती है?

क) मंगलवार ख) **बुधवार** ग) सोमवार घ) शुक्रवार

v) 'अध्यापक' शब्द का लिंग परिवर्तन कीजिए।

क) अध्यपक ख) शिक्षक ग) **अध्यापिका** घ) प्रधानाचार्य

**प्रश्न१. आ) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(5Q X 1M = 5M)**

पेड़ और पौधे हमारे प्राकृतिक संसाधनों में महत्वपूर्ण हैं। यह हमें श्वास लेने के लिए ऑक्सीजन और भोजन के लिए फल और सब्जियाँ प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को भी सुंदर और हरा – भरा बनाए रखते हैं। इनके बिना हमारा जीवन असम्भव हो जाएगा। हमें इन्हें बचाने और बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

i) प्राकृतिक संसाधनों में क्या महत्वपूर्ण हैं?

क) पानी ख) **पेड़ और पौधे** ग) हवा घ) जंगल

ii) पेड़ और पौधे हमें श्वास लेने के लिए क्या देता है?

क) **ऑक्सीजन** ख) जल ग) साँस घ) जान

iii) भोजन के लिए पेड़ और पौधे हमें क्या प्रदान करते हैं

क) खाना ख) **फल और सब्जियाँ** ग) पानी घ) नाश्ता

iv) पेड़ और पौधे के बिना हमारा ______असम्भव है।

क) जिम्मेदारी ख) संसाधन ग) पर्यावरण घ) **जीवन**

v) पर्यावरण को हमेशा कैसे रखना चाहिए?

क) **सुंदर** ख) ख़राब ग) अच्छा घ) बुरा

**प्रश्न२. अ)नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए। (8Q X 1M = 8M)**

i) वह आम का पेड़ है। - वाक्य में सर्वनाम पहचानो।

क) आम ख) **वह** ग) पेड़ घ) का

ii) आप कहाँ जा रहे हो? सर्वनाम का भेद पहचानो।

क) निजवाचक ख) **प्रश्नवाचक** ग) संबंधवाचक घ) पुरुषवाचक

iii) मेरा गाँव बहुत बड़ा है। विशेषण पहचानो।

क) मेरा ख) बहुत ग) **बड़ा** घ) गाँव

iv) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें____________कहते हैं।

क) सर्वनाम ख) विशेष्य ग) **विशेषण** घ) संज्ञा

v) सकर्मक क्रिया का वाक्य है-

क) **अजय फुटबॉल खेल रहा था।** ख) अजय खेल।

ग) अजय खेला। घ) अजय खेलु?

vi) बच्चा रोता है। क्रिया का भेद पहचानो।

क) सकर्मक ख) **अकर्मक** ग) दोनों घ) इनमें से कोई नहीं

vii) <u>अहा!</u> कितना सुंदर फूल है। रेखांकित शब्द के लिए उचित विरामचिह्न -

क) पूर्णविराम ख) अल्पविराम ग) प्रश्नवाचक चिह्न घ) **विस्मयबोधक चिह्न**

viii) **५५** इस अंक को अक्षरों में _______ऐसे लिखा जाता है।

क) **पचपन** ख) छप्पन ग) सत्तावन घ) अट्ठावन

**प्रश्न२. आ) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए। (4Q X 1M = 4M)**

i) पीठ थपथपाना मुहावरे का अर्थ-

क) गुस्सा करना　　　　ख) बाहर जाना

ग) गहरी दोस्ती　　　　घ) **शाबाशी देना**

ii) पानी-पानी होना मुहावरे का अर्थ-

क) कठिन परिश्रम करना।　　　　ख) **बहुत शर्मिंदा होना।**

ग) आखोंमे पानी आना।　　　　घ) नमक-मिर्च लगाना।

iii) मैं कल बहुत डरा। वाक्य को शुद्ध कीजिए।

क) **मैं कल बहुत डर गया।**　　　　ख) मैं कल बहुत डरी।

ग) मैं कल बहुत डरूँगा।　　　　घ) मैं कल डर जाऊँगी।

iv) फूल की खुशबु आ रहा है। वाक्य को शुद्ध कीजिए।

क) **फूल की खुशबु आ रही है।**　　　　ख) फूल की खुशबु आएगा।

ग) फूल का खुशबु आ।　　　　घ) फूल का खुशबु आने लगा।

v) **९६** इस अंक को _______ऐसे लिखा जाता है।

क) बानवे　　ख) तिरानवे　　ग) **छियानवे**　　घ) निन्यानवे

vi) **उनहत्तर** अक्षर का अंक _____ऐसे लिखा जाता है।

क) ५९　　ख) **६९**　　ग) ८९　　घ) ७९

vii) **पैंसठ** अक्षर को अंको में _____ऐसे लिखा जाता है।

क) **६५**　　ख) ७५　　ग) ९५　　घ) ८५

viii) बग़ीचा में ऊँचा पेड़ है। विशेषण पहचानो।

क) बग़ीचा　　ख) **ऊँचा**　　ग) पेड़　　घ) इनमे से कोई नहीं

**प्रश्न३. अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(5Q X 1M = 5M)**

“सुबह की ताज़ी हवा में खेलकूद, योगाभ्यास, कसरत करने से हमें भरपूर ऑक्सीजन मिलती है। स्वास्थ्य ठीक रहता है। बीमारियाँ दूर भागती हैं। देखो बच्चो, चारों ओर कितनी हरियाली है! ये रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियाँ हमें देखकर मुसकरा रही हैं।" मम्मी कहती जा रही थीं और गुप्ता अंकल के दोनों बच्चे नकुल और विपुल ध्यान से मम्मी की बात सुन रहे थे।"हाँ बेटा, छुट्टी के दिन यहाँ ज़रूर आया करो। हम सब मिलकर क्रिकेट खेलेंगे। टीम बनाएँगे। खेलकूद न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ बनाते हैं बल्कि हमारे भीतर प्रतियोगिता की भावना भी जगाते हैं, " पापा ने कहा।

i) सुबह की ताज़ी हवा में हमें क्या मिलता है?

क) हवा　　ख) **ऑक्सीजन**　　ग) पानी　　घ) मिट्टी

ii) चारों ओर क्या है ?

क) लोग　　ख) जानवर　　ग) **<u>हरियाली</u>**　　घ) बच्चे

iii) रंग-बिरंगे _________ हमें देखकर मुसकरा रही हैं।

क) **<u>फूलों की क्यारियाँ</u>**　　ख) फूलों की कलियाँ　　ग) फूलों की मालाएं　　घ) पौधे

iv) मम्मी की बात कौन सुन रहे थे?

क) मनु और मीनू　　ख) मम्मी और पापा　　ग) हवा और पानी　　घ) **<u>नकुल और विपुल</u>**

v) खेलकूद हमारे भीतर क्या जगाते है ?

क) बीमारियाँ　　ख) **<u>प्रतियोगिता की भावना</u>**　　ग) गुस्सा　　घ) प्यार

**प्रश्न३. आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए और उस के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(5Q X 1M = 5M)**

सूरज हमें रोशनी देता,
हवा नया जीवन देती है,
भूख मिटाने को हम सबकी,
धरती पर होती खेती है।
औरों का भी हित हो जिसमें,
हम ऐसा कुछ करना सीखें।

i) सूरज हमें क्या देता है ?

क) अँधेरा　　ख) **<u>रोशनी</u>**　　ग) जीवन　　घ) जल

ii) नया जीवन कौन देता है?

क) **<u>हवा</u>**　　ख) पानी　　ग) पृथ्वी　　घ) जमीं

iii) हमारी भूख कौन मिटाती है?

क) पानी　　ख) शरबत　　ग) **<u>खेती</u>**　　घ) चाय

iv) औरों का भी_______हो जिसमें

क) **<u>हित</u>**　　ख) हीत　　ग) धरती　　घ) कुछ

v) ‘धरती’ शब्द के लिए पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क) आकाश　　ख) गगन　　ग) **<u>पृथ्वी</u>**　　घ) रवि

**प्रश्न४. अ) निम्नलिखित गद्य प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(2Q X 1M = 2M)**

i) राजा ने कहाँ पहरे बिठाने को कहा?

क) नदी पर ख) किनारों पर ग) **<u>कुएँ-तालाबों पर</u>** घ) घरों पर

ii) चिकने से रोड़े को किसने दरिया तक पहुँचाया ?

क) समुद्र ने ख) **<u>पहाड़ी नाले ने</u>** ग) तालाब ने घ) गंगा ने

**प्रश्न४. आ) निम्नलिखित पद्य प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(2Q X 1M = 2M)**

iii) कवी के अनुसार ईश्वर हमारा कौन है ?

क) प्रदेश ख) देश ग) लोग घ) **<u>माली</u>**

iv. कवि की कौन-सी अभिलाषा नहीं है ?

क) सुमन-सा बिछ जाऊँ ख) तारों-सा झिलमिलाऊँ

ग) शशि-सा शीतल बनूँ घ) **<u>काँटों-सा कष्ट पहुँचाऊँ</u>**

**प्रश्न५. नीचे दिए गए गद्य के किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर एक दो पंक्तियों में लिखिए।** **(3Q×2M=6M)**

i. हमें फूलों की माला कौन देता है?

**उत्तर-खुशबू भरे फूल हमें फूलों की माला देते है।**

ii. कविता का शीर्षक 'नया उजाला' क्यों रखा गया होगा? कोई और शीर्षक भी सुझाइए।

**उत्तर- यह कविता हमें परोपकार करना सिखा रही है। दूसरों के हित में काम करने का संदेश दे रही है। इसलिए इस कविता का शीर्षक नया उजाला रखा गया होगा। इसका दूसरा शीर्षक 'परोपकार', हो सकता है।**

iii. तरु त्यागी कैसे हो सकते हैं?

**उत्तर-वे अपने फल दूसरों को खाने को देते हैं। अपनी छाँव से दूसरों की थकान मिटाते हैं और औषधीय देकर मानव जीवन को बचाते हैं।**

iv. बच्चे अपना घर सँभाल सकते हैं?

**उत्तर-यदि बच्चे अपने अंदर की शक्ति को पहचाने और उसे सकारात्मक रूप में प्रयोग करें तो वे अपना घर सँभाल सकते हैं।**

**प्रश्न६. नीचे दिए गए पद्य के किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर एक दो पंक्तियों में लिखिए।** **(3Q×2M=6M)**

i. अंत में लव-कुश ने क्षमा क्यों माँगी ?

**उत्तर-अपनी माता सीता द्वारा यह बताए जाने पर कि अयोध्या के राजा श्री रामचंद्र ही उनके पिता हैं**

**जानकर लव-कुश ने अंत में माफ़ी माँगी।**

ii. दंड के महत्व को समझना राजा के लिए आवश्यक क्यों है?

**उत्तर- दंड के महत्व को समझना राजा के लिए इसलिए आवश्यक है ताकि वह दर्द के मर्म को समझे और किसी को बेवजह दंड न दे।**

iii. सुशील किस तरह का बालक था?

**उत्तर- वह मन लगाकर पढ़ता था। जो गुरुदेव कहते थे, उसे बहुत ध्यान से सुनता था और अपने सीमित ज्ञान के आधार पर वह ऋषि ज्ञानदीप से प्रश्न भी पूछा करता था। जो गुरुदेव कहते थे, वह पूरा किया करता था। अन्य राजकुमारों की भाँति वह चंचल न था, गंभीर था। वह सदैव पढ़ने में तल्लीन रहता था।**

iv. 'अश्वमेध यज्ञ' में घोड़ा क्यों छोड़ा जाता है?

**उत्तर-अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा हर राज्य की सीमा से गुजरता है। जो भी राजा अधीनता स्वीकार कर लेता है वे उस घोड़े को नहीं पकड़ते बल्कि उसका स्वागत करते हैं। वरन जो उस घोड़े को पकड़ लेता है, वे अधीनता स्वीकार नहीं करना चाहते। उसके पश्चात उनसे युद्ध किया जाता है। अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा शक्ति का प्रतीक होता है।**

## खंड ग

**प्रश्न७. नीचे दिए गए विषय पर अनुच्छेद लेखन कीजिए।** **(5M)**

**मेरा प्रिय खेल**

**अथवा**

**'आदर्श राजा कैसा होना चाहिए?' विषय पर दो मित्रों के बीच होने वाला संवाद लेखन कीजिए।**

**प्रश्न८. नीचे दिए गए विषय पर पत्रलेखन कीजिए।** **(5M)**

**अपने मित्र या सहेली को परीक्षा में अच्छे अंक मिलने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख लिखिए।**

एक खरगोश अपनी तेज गति पर घमंड -------------कछुए की धीमी चाल पर हँसना--------------- दोनों मे 'दौड की शर्त'-------------- खरगोश का तेज दौड़ना---------------कछुआ धीरे से -----------एक पेड की छाया में खरगोश का सो जाना ------------- कछुए का आगे निकल जाना ----------दौड में बहुत पीछे------------- कछुए की जीत -----------**सीखः**---------------